प्रेसनोट थाना ताजगंज जनपद आगरा।

थाना ताजगंज पुलिस टीम द्वारा मोबाइल लूट करने वाले 03 अभियुक्तगण किये गये गिरफ्तार, कब्जे से लूट का मोबाइल व 01 मोटरसाइकिल बुलट बरामद...

दिनांक 10.07.2021 को वादी देव राघव पुत्र दीपक राघव नि0 एमआईजी नेहरू एन्क्लेव थाना शमशाबाद द्वारा थाना ताजगंज पर सूचना दी गयी कि दिनांक 12.06.2021 को शाम आवश्यक कार्य हेतु अपने घर से साइकिल से बाहर गया था, इस दौरान मेरे फोन पर किसी की कॉल आयी, जब मैंने बात करने के लिए फोन निकाला तभी 03 व्यक्ति बुलट सवार आये और मेरा फोन छीन कर भाग गये। इस सम्बन्ध में थाना ताजगंज पर मु0अ0सं0 458/21 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी ताजगंज को टीम गठित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार दिनांक 11.07.2021 को गठित पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु थाना क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट करने वाले तीन बदमाश बुलट मोटरसाइकिल पर सवार होकर चोरी का मोबाइल बेचने हेतु जा रहे हैं यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण :–

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगाकर चैकिंग प्रारम्भ की गयी। कुछ देर बाद एक बुलट मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार सकपका गये और बुलट को पीछे मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेर घोट करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद मोबाइल व 01 अदद मोटरसाइकिल बुलट बरामद की गयी।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम **01**–सुरेन्द्र उर्फ सुन्दरी पुत्र राजबहादुर वर्मा नि0 सरस्वती विहार कालौनी सेवाला थाना सदर आगरा, 02–अभिषेक पुत्र अवधेश कुमार नि0 नारायण इन्क्लेव एस0एस0 पब्लिक स्कूल के पास सेवाला थाना सदर आगरा व 03–हिमांशु पुत्र गोधन नि0 सरस्वती विहार कालौनी सेवला जनपद सदर बाजार जनपद आगरा बताया गया। बरामद मोबाइल के बारे में बताया गया कि यह हमने दिनांक 12.06.2021 की शाम को नेहरू एन्क्लेव 100 फुटा रोड से इसी मोटरसाइकिल बुलट पर सवार होकर एक व्यक्ति से लूटा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

01. सुरेन्द्र उर्फ सुन्दरी पुत्र राजबहादुर वर्मा नि0 सरस्वती विहार कालौनी सेवाला थाना सदर जनपद आगरा।
02. अभिषेक पुत्र अवधेश कुमार नि0 नारायण इन्क्लेव एस0एस0 पब्लिक स्कूल के पास सेवाला थाना सदर आगरा।
03. हिमांशु पुत्र गोधन नि0 सरस्वती विहार कालौनी सेवला जनपद सदर बाजार जनपद आगरा।

बरामदगी का विवरण :–

01. 01 अदद मोबाइल लूट का।
02. 01 अदद मोटरसाइकिल बुलट लूट में प्रयुक्त।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी थाना ताजगंज जनपद आगरा।
02. उ0नि0 विनोद कुमार थाना ताजगंज जनपद आगरा।
03. उ0नि0 कुलदीप मलिक थाना ताजगंज जनपद आगरा।
04. हे0का0 अशोक कुमार थाना ताजगंज जनपद आगरा।
05. का0 अजीत कुमार थाना ताजगंज जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा